भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1644

सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिमी क्षेत्र में कम लागत वाले पर्यटन

†1644. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास पश्चिमी क्षेत्र में कम लागत वाले पर्यटन हेतु कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार पश्चिमी क्षेत्र सहित भारत में पर्यटन का प्रचार-प्रसार करने के लिए और अधिक निधियां उपलब्ध कराने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों की जिम्मेदारी है । तथापि पर्यटन मंत्रालय "स्वदेश दर्शन", "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)" और "पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता" योजनाओं के तहत पश्चिमी क्षेत्र सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

पर्यटन मंत्रालय "अतुल्य भारत" ब्रांड-लाइन और देखो अपना देश के तहत देश में और संभावित विदेशी बाजारों में देश के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित गंतव्यों सहित भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है । विभिन्न पहलों, कार्यक्रमों, सोशल मीडिया प्रोत्साहनों और मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भी गंतव्यों का संवर्धन किया जाता है ।

*****